हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

12 रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरने वाली 16 जोड़ी ट्रेनों में यात्रियों को सुविधा, एक दिसंबर से बढ़ेंगे 44 डिब्बे



12 एसएमओ की सीधी भर्ती का विरोध, चिकित्सकों ने की दो घंटे की पैन डाउन स्ट्राइक



## खबर संक्षेप

### एनडीपीएस मामले में एक आरोपी काबू

**बावल।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 23 नवंबर को एक युवक को नशील पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसे नशीला पदार्थ दिल्ली के निहाल विहार कॉलोनी निवासी सन्नी ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बावल पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 5 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में रूध निवासी अंकित को गिरफ्तार कर लिया। थाना खोल पुलिस ने गत 20 नवंबर को दर्ज किए गए मामले में बालधन खुर्द निवासी राकेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद दर्ज मामलों में दो आरोपी चालकों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 24 नवंबर को हुए हादसे के बाद चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के नाखनौल निवासी नसीम को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। थाना रोहड़ाई पुलिस ने 25 नवंबर को हुए हादसे में आरोपी चालक खेड़ा आलमपुर निवासी नरपाल को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### जनरेटर की चपेट में आने से एक की मौत

**बावल।** शेखपुर में जनरेटर में गले का गमछा फंसने से एक युवक की मौत हो गई। पीथनवास निवासी लगभग 40 वर्षीय रामसिंह डीजे पर ऑपरेटर लगा हुआ था। वह शेखपुर में एक शादी समारोह में गया हुआ था। वहां उसके गले का गमछा जनरेटर में फंस गया, जिससे उसका दम घुट गया। आसपास के लोगों ने जनरेटर बंद करने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद बावल पुलिस ने शव का पोसटमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार


**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज के लिए विवाहित को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के कुतीनपुर निवासी बलजीत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### महेश हत्याकांड का आरोपी भेजा जेल

**रेवाड़ी।** पुलिस ने होटल के कारिंदे को गोली मारने के आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। होटल पर काम करने वाले राजस्थान के आलनपुर निवासी महेश की बीते मंगलवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी गोकलगढ़ निवासी अशोक को देशी पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था।

*अवैध निर्माण तोड़ने गई डीटीपी की टीम के साथ अभद्र व्यवहार का मामला*

# डीटीपी ने एसपी को दर्ज कराई शिकायत, पांच नामजद सहित कई लोग शामिल, अब पुलिस के एक्शन का इंतजार



DISTRICT TOWN PLANNER, REWARI

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते सोमवार को सुठानी में पेट्रोल पंप के पीछे बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण तोड़ने के लिए डीटीपी की टीम के साथ अभद्र व्यवहार करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में डीटीपी ने एसपी व डीसी से लेकर उचाधिकारियों को शिकायत प्रेषित कर दी है। इसमें पांच नामजद सहित कई लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। इस मामले में अब पुलिस की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।


डीटीपी की टीम करीब 15 एकड़ में काटी गई कॉलोनी को विस्तार देते हुए 3 एकड़ में किए जा रहे निर्माण तोड़ने के लिए डीसी की ओर से 24 नवंबर को जारी किए गए पत्रानुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई करने के लिए सुठानी में गई थी। टीम के जाते ही वहां युवा भाजपा नेता निखिल मांढैया कई लोगों के साथ पहुंच गए। इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें निखिल वहां तोड़फोड़ करने पर खून खराबा होने व कई अधिकारियों की नौकरी चले जाने की

**टीम में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को बंधक बनाने तक के प्रयास किए गए**

धमकी देते हुए दिखाई दिए। डीटीपी की टीम के साथ हाथापाई तक के प्रयास किए गए। पूरे घटनाक्रम में पुलिस मूक दर्शक बनी रही, जबकि डीटीपी की टीम सुरक्षा के लिए पुलिस बल अपने साथ ले गई थी। जबरदस्त विरोध के चलते डीटीपी की टीम को बिना तोड़फोड़ किए ही लौटना पड़ा था। वीडियो वायरल होने के बाद निखिल ने दावा किया था कि जिस बिल्डिंग को तोड़ने के लिए टीम गई थी, उस पर कोर्ट से स्टे मिल गया था। वह वकील के नाते अपने क्लायंट का मकान बचाने के लिए वहां गए थे। यह मामला अब सीधे तौर पर प्रदेश सरकार के संज्ञान में भी आ चुका है। देखना यह है कि डीटीपी की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ एक्शन ले पाती है या फिर राजनीतिक दबाव के चलते मामले को ठंडे बस्ते में डाला जाएगा।

## कहा, इसी तरह लोग बाधा पहुंचाते रहे तो निर्माण तोड़ना नहीं होगा आसान





प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

**पत्र में आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई**

**बुधवार को डीटीपी की टीम के साथ की गई थी अभद्रता**

**डीटीपी ने यह लिखा अपनी शिकायत में**

टाउन प्लानिंग विभाग के निदेशक से लेकर डीसी व एसपी को लिखे पत्र में डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि टीम पुलिस बल को साथ लेकर तीन एकड़ भूमि पर किए जा रहे निर्माण तोड़ने के लिए गई थी। वहां पहुंचने पर मांढैया कलां निवासी पवन कुमार, निखिल कुमार, रेखा देवी, सीमा देवी व संजय सहित कई लोग पहुंच गए। डीटीपी ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने आसपास के काफी लोग वहां एकत्रित कर लिए। तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध करते हुए यह लोग अधिकारियों के साथ हाथापाई पर उतारू गए। टीम में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को बंधक बनाने तक के प्रयास किए गए।

### सुरक्षा मिले बिना अवैध निर्माण तोड़ना मुश्किल



*जिस तरह से यह घटनाक्रम हुआ है, उससे डीसी, एसपी व आला अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अधिकारियों से तोड़फोड़ की कार्रवाई के लिए टास्क फोर्स बनाने का आग्रह किया गया है। जब तक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक अवैध निर्माण तोड़ना आसान नहीं होगा।*
*-मंदीप सिंहाग, डीटीपी।*

### अवैध निर्माण तोड़ने के लिए सुरक्षा जरूरी

डीटीपी के अनुसार उनका कार्य सरकार के आदेश पर अवैध रूप से किए जाने वाले निर्माण रोकना है। अगर इसी तरह से लोग तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध करते हुए हाथापाई तक पर उतारू होंगे, तो अवैध रूप से विकसित होने वाली कॉलोनियों पर रोक लगाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सुठानी में तोड़फोड़ के लिए गई जेसीबी व उनके वाहनों को आरोपियों ने अपने वाहन आगे लगाकर रोकने का प्रयास किया। अधिकारियों ने उन्हें समझाने का भी काफी प्रयास किया, परंतु यह लोग मरने-मारने के लिए उतारू हो गए। पत्र में आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### बचाव के लिए आगे नहीं आई पुलिस

दिलचस्प बात यह है कि तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान डीटीपी विभाग की ओर से सुरक्षा के लिए पुलिस बल की लिखित मांग की जाती है। पुलिस बल मुहैया होने के बाद ही टीम तोड़फोड़ के लिए निकलती है, ताकि लोगों के विरोध करने पर पुलिस आगे आ सके। सुठानी के पास तोड़फोड़ के लिए डीटीपी की टीम पहुंची तो ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ 15 पुरुष और 10 महिला पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। डीटीपी की कार्रवाई का विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ एक्शन लेने की बजाय पुलिस मूकदर्शक बनी तमाशा देखती रही। ऐसे में पुलिस कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ चुकी है।

# डीटीपी की 11 निर्माणों पर कार्रवाई, तीन एकड़ की अवैध कॉलोनी की जमींदोज





रेवाड़ी। गांव गांगोली में अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी, अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करते हुए डीटीपी की जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने वीरवार को एनएच-11 की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी व अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की लगातार की जा रही कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर वीरवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम एनएच-11 स्थित गांव डालियाकी, जाटूवास पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने बिना अनुमति के बनाए जा रहे 3 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

### प्रॉपर्टी डीलरों के चंगुल में न फंसे लोग: सिहाग


डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

# सर्जिकल कैंप में पीएमजेएवाई श्रेणी के 81 व नॉन-पीएमजेएवाई के हुए 28 ऑपरेशन

- नागरिक अस्पताल में विशेष सर्जिकल अभियान के तहत मरीजों को दी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नागरिक अस्पताल में विशेष सर्जिकल अभियान में मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अभियान का उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण व फ्री शल्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। नागरिक अस्पताल में छह दिन चले अभियान में पीएमजेएवाई, चिरायु और नॉन-पीएमजेएवाई तीनों श्रेणियों के मरीजों को शामिल किया गया। विभिन्न विभागों की टीमों ने मिलकर सर्जरी की। अस्पताल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मेजर व माइनर के करीब 81 ऑपरेशन किए गए। अभियान में सर्जनों, एनेस्थीसिया टीम, स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ,आर्थोपेडिक सर्जन, ईएनटी सर्जन,नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों और प्रशासनिक शाखा का योगदान रहा। नागरिक अस्पताल के उप-चिकित्सा अधीक्षक डा. इंद्रजीत यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अभियान के दौरान पीएमजेएवाई श्रेणी में बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया गया। अभियान के तहत 38 मेजर सर्जरी की गईं, जिनमें कैटरेक्ट के 3, लैप कोलेसीस्टेक्टॉमी 1, टीकेआर 2, टीएचआर 1, ट्रॉमा 4, कान सर्जरी 3, एलसीएस 9 और ट्यूबेक्टॉमी की 13 सर्जरी शामिल रही। इनके अलावा माइनर सर्जरी में आंखों के 3, जनरल सर्जरी 24, ऑर्थोपेडिक के 6 और ईएनटी के 10 ऑपरेशन किए गए।





रेवाड़ी। सर शादीलाल नागरिक अस्पताल परिसर। फोटो : हरिभूमि

### नॉन-पीएमजेएवाई में 28 मेजर सर्जरी

अभियान के दौरान नॉन-पीएमजेएवाई में 28 मेजर सर्जरी की गईं, जिनमें हर्निया रिपेयर 6, एपेंडेक्टॉमी 2, ट्रॉमा 8, कान 1, नाक सर्जरी 1, एलएससीएस 16 और ट्यूबेक्टॉमी की 22 सर्जरी शामिल रही, जबकि माइनर में आंखों की 2, जनरल सर्जरी की 39, ऑथोपेडिक की 9, ईएनटी की 6 और ओबीजी की 14 सर्जरी की गई।

### बेहतर सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध कराई गई




चिकित्सकीय टीम के योगदान से मरीजों को बेहतर सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध कराई गई। मरीजों की सुविधा के लिए ऐसे अभियान आगामी दिनों में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की सर्जिकल प्रतीक्षा सूची को कम किया जा सके। -डा. सुरेन्द्र यादव, पीएमओ।

# अनुसंधानकर्ताओं को दी तीन नए कानूनों की जानकारी

- डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए कानून की गहरी समझ होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के कान्फ्रेंस हाल में जिला पुलिस के अनुसंधानकर्ताओं के लिए कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए कानून की गहरी समझ आवश्यक है। कानूनी ज्ञान पुलिस विभाग की रीढ़ है। उन्होंने सभी अनुसंधानकर्ताओं से इस प्रशिक्षण का उपयोग उच्चतम नैतिक मानकों का पालन करते हुए न्याय सुनिश्चित करने का आह्वान किया। शिविर में जिला न्यायवादी वीके, सहायक जिला न्यायवादी डा. प्रदीप, नवीन तथा अधिवक्ता विवेक तंवर भी मौजूद थे, जिन्होंने अनुसंधानाकर्ताओं को तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों, सभी प्रकार की याचिकाएं, राहदारी रिमांड, ट्रांजिट रिमांड, शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम, राजस्व एवं भू अभीलेखा अधिनियम से अवगत कराया। इस अवसर पर डीएसपी जोगेन्द्र सिंह, डीएसपी कासेली विद्यानंद, डीएसपी बावल सुरेन्द्र व डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित सभी थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी प्रभारी व अनुसंधानकर्ता उपस्थित थे।



रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को जानकारी देते हुए डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

*आरोपी सलीम से चोरी हुई बाइक को बरामद कर लिया गया*

# बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए रेवाड़ी ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिल नूंह के गांव सुध निवासी सलीम के रूप में हुई। गांव शहबाजपुर ईस्तमुरार निवासी तेजपाल ने गत 3 नवंबर को सुबह करीब 10:45 बजे सेक्टर-1 के गेट नंबर एक के पास मोटरसाइकिल खड़ी की थी। जब वह अपना काम करके वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। मामले सीआईए ने मामले में संलिप्त आरोपी सलीम जिला नूंह को बुधवार को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधी के दौरान आरोपी सलीम से चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। आरोपी सलीम के खिलाफ रेवाड़ी व गुरूग्राम में चोरी के अनेक मामले दर्ज है। आरोपी को वीरवार को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## धारूहेड़ा का एक्यूआई फिर हुआ 200 के पार, दो दिन बाद मौसम में बदलाव की संभावना

# तापमान में मामूली उछाल के बावजूद ठिठुरन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवंबर माह के अंत में ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। तेज धूप निकलने के बावजूद ठिठुरन बढ़ने लगी है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण मैदान इलाकों में ठंड बढ़ने लगी है। ठंड के साथ ही प्रदूषण का खतरा भी बढ़ना शुरू हो गया है। दो दिन बाद मौसम में बदलाव की संभावना है। आसमान में बादल छाने के बाद कोहरे का प्रकोप भी शुरू हो सकता है। दिन के समय मौसम साफ बना रहने के कारण शाम तक अच्छी धूप खिलती है। सुबह के समय धुआं कोहरे की तरह नजर आता है। हालांकि इससे विजिबिलिटी पर ज्यादा असर नहीं पड़ रहा है, परंतु दूषित हवा में सांस लेना मुश्किल बना रहता है। वीरवार को भी सुबह से ही आसमान बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26.0 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान भी 1.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल के मुकाबले तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे चल रहा है। हवा में नमी का स्तर 60 प्रतिशत बना रहा, जबकि हवाओं की गति 6 किमी प्रति घंटा रही। तापमान में मामूली वृद्धि के बावजूद वीरवार को दिन के समय भी ठंड का असर ज्यादा रहा। शाम के समय ठंड लोगों के हाथ कंपकंपाने लगी। इससे दिसंबर माह के शुरू में ही ठंड का भारी प्रकोप शुरू होने के संकेत मिलने लगे हैं।

अगर अगर की गति तेज होती है, तो इससे ठिठुरन और बढ़ेगी।

### ठंड के साथ बढ़ने लगा प्रदूषण का खतरा



रेवाड़ी। रेवाड़ी-झज्जर रोड पर एक खेत में लहलहाती सरसों। फोटो : हरिभूमि

### अभी तक कोहरे का असर शुरू नहीं हुआ

मौसम विभाग के अनुसार 30 नवंबर को आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। बादल छाने के बाद ही ठंड का असली रूप देखने को मिलेगा। रात के समय औस गिरनी शुरू हो गई है। अभी तक कोहरे का असर शुरू नहीं हुआ है। अगर आसमान में बादल छाते हैं, तो इसके बाद धुंध का प्रकोप भी शुरू हो जाएगा। वीरवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 230 दर्ज किया गया। ठंड के साथ एक्यूआई में और इजाफा होने की आशंका बनी हुई है।

### डीएवी महिला कॉलेज में हवन का आयोजन

**कोसली।** कोसली के डीएवी महिला महाविद्यालय में वीरवार को हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. जय सिंह ने स्टाफ सदस्यों व छात्राओं के साथ मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहूति दी।

प्राचार्य ने कहा कि यज्ञ सबसे श्रेष्ठतम कार्य है। यह भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। इसके द्वारा मानव जीवन में अग्रसर होने की भावना निहित है। यज्ञ करने से न केवल हमारे आत्मा की शुद्धि होती है, बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। उन्होंने छात्राओं से पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने अध्ययन कार्यों में ध्यान देने का आह्वान किया।



जानकारी
शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।


बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालयः** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरमः** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालयः** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्सः** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारोः** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक
नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्कः** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जूः** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआतः** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *




**किताब:** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक:** शिखर चंद जैन, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें

1
घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2
गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3
'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.नींबू, 3. बंदर

## जीके क्विज-181

1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु


**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव



नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी
पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवादः सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,

मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी




काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191



बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

*शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान*

# नपा टीम ने रेहड़ी संचालकों के काटे चालान, रोड पर रेहड़ी खड़ी मिलने पर अब चालान की बजाय की जाएगी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

शहर में वीरवार को नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वीरवार को नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर टीम नारनौल से बुलाई गई थी। इस दौरान टीम ने सड़क पर खड़ी सभी रेहड़ी चालकों के 200 से लेकर 500 रुपये तक के चालान किए। साथ हीं चेतावनी दी गई कि अगर शुक्रवार को रेहड़ी रोड पर खड़ी मिली तो चालान की बजाय रेहड़ी कब्जे में ली जाएंगी। दुकानदारों ने टीम के आने की भनक लगते ही सामान समेट लिया।

बता दें कि प्रतिदिन नगर पालिका अभियान चला रही है। इसमें दुकानदारों पर कार्रवाई कर सामान हटाने का निर्देश दे रही है। वीरवार को चले अभियान में टीम ने बालाजी चौक, शंकर मार्केट, रेलवे रोड, आईटीआई रोड, ब्रहमदेव चौक, आंबेडकर चौक तक अभियान चलाया। इसमें दुकानदारों के बॉक्स, मेज, फ्लैक्स आदि जब्त किए तथा रेहड़ी चालकों के चालान किए गए है। नागरिक अस्पताल के पास रेहड़ी चालकों ने टीम के साथर बहस भी की। रेहड़ी चालाकों का कहना था कि नगर पालिका की ओर से आए दिन उनके चालान किए जा रहें है, पूरे दिन की मेहनत की कमाई वह नगर पालिका को दे रहे है। इस दौरान रेहड़ी चालकों ने पक्षपात करने की बात कही। रेहड़ी संचालकों ने चिंता व्यक्त की है कि बाजार से मुख्य अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया जा रहा है। दुकानदारों ने पक्का अतिक्रमण किया हुआ है। नगर पालिका की ओर से यह कार्रवाई मुख्य मार्गों और रेहड़ी लगाकर यातायात बाधित करने की लगातार मिल रही शिकायतों पर की गई।


महेंद्रगढ़। रेहड़ी संचालक का चालान करते टीम सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*


महेंद्रगढ़। चालान नहीं करने को लेकर हाथ जोड़ता रेहड़ी चालक। *फोटो : हरिभूमि*

**उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार हुई कार्रवाई**

टीम सदस्यों ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाजार में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बालाजी चौक, शंकर मार्केट, रेलवे रोड, आईटीआई रोड, ब्रहमदेव चौक, आंबेडकर चौक तक अभियान चलाया और अतिक्रमण को हटवाया गया है। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान खुद हटा लिया तो कुछ हटाने की बात कहते रहें। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी की भविष्य में पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति का सामान रोड पर मिलता है तो उसे पालिका उठवा लेगी जिसकी जिम्मेवारी स्वयं की होगी। इसके अलावा रेहड़ी संचालक अपनी रेहड़ी को दीवार से संटाकर लगाए, अगर रोड पर मिली तो चालान की बजाय, रेहड़ी कब्जे में ली जाएंगी।

### अभियान जारी रहेगा

नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से नियमों का पालन करने और सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित न करने की अपील की। सचिव ने चेतावनी दी कि यदि नियमों का पालन नहीं किया गया, तो बाहर पड़ा सामान जब्त कर लिया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका का अभियान लगातार जारी रहेंगा।

---

## खबर संक्षेप

### नांगल चौधरी में याद किए गए बाबा साहेब

**नारनौल।** नांगल चौधरी के बीडीपीओ प्रांगण में भारतरत्न एवं संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर एवं संविधान समिति के सदस्य रणबीर सिंह हुड्डा की जयंती पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश माण्डैया ने की। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी से मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव एचपीसीसी जसवन्त सिंह सेहरावत, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह, एडवोकेट नवीन शर्मा, एडवोकेट बिहारी लाल यादव, एडवोकेट बंटी सैनी, एडवोकेट रमेश चंद्र गुर्जर, एडवोकेट भागीरथ बाईला मौजूद रहे।

### दिव्यांगजन संवेदना अनुभूति कार्यक्रम 3 को

**नारनौल।** विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से दिव्यांगजन संवेदना अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहल्ला चौधरियान में तीन दिसम्बर को किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रबंधक संगीता शर्मा, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, शिक्षाविद् मनोज गौतम, शिक्षक अभिभावक संघ की सचिव सोनू भारद्वाज होंगा।

### कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन एक को

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर से दो दिसंबर को जिला कुरूक्षेत्र के थीम पार्क में आयोजित होने वाली भारत केसरी व भारत कुमार पुरुष व महिला राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता के लिए एक दिसंबर को सुबह नौ बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पुरुष व महिला पहलवानों का चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जो पहलवान विजेता होंगे वे राज्य स्तरीय भारत केसरी व भारत कुमार में भाग लेंगे। पहलवानों को अपने जिले से संबंधित रियासी प्रमाण पत्र या बिजली का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस आदि लाना जरूरी है।

---

## अभियान को लेकर सड़क पर उतरे कांग्रेसी, की नारेबाजी

# कांग्रेस ने महेंद्रगढ़ में किया प्रदर्शन बोले- जनता से अन्याय सहन नहीं

**यह अभियान लोकतंत्र को बचाने की लड़ाईः सैलजा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

महेंद्रगढ़ में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस जनसभा में मुख्य वक्ता के रूप में रणदीप सिंह सुरजेवाला व कुमारी शैलजा ने भाग लेकर आंदोलन को नई धार दी। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दक्षिण हरियाणा के लोगों को स्पष्ट संदेश दिया है कि हरियाणा की सत्ता निर्माण में दक्षिण हरियाणा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए इस क्षेत्र के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जाति, धर्म और समाज के नाम पर नफरत का जहर फैलाकर दक्षिण हरियाणा को प्रभावित करने की नाकाम कोशिश की है, लेकिन अब समय आ गया है कि दक्षिण हरियाणा के लोग मानसिक व राजनीतिक रूप से और अधिक मजबूत हों, ताकि आप सभी के सहयोग से हरियाणा में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार स्थापित की जा सके। राव नरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने खुलकर बताया है कि किस प्रकार ईवीएम में गड़बड़ी, गलत एड्रेस जोड़ने, विदेशी नामों को मतदाता सूची में शामिल करने जैसे अनैतिक हथकंडों के जरिये 25 लाख वोटों की चोरी की गई। यह लोकतंत्र की खुली हत्या है। उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके इशारों पर चलने वाला चुनाव आयोग लोकतंत्र और संविधान पर करारा प्रहार कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे घर घर जाकर लोगों को जागरूक करें कि हरियाणा में एक अवैध और असंवैधानिक सरकार स्थापित की गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान आज सबसे अधिक पीड़ित है। एमएसपी नहीं मिलती, खाद बीज समय पर उपलब्ध नहीं, जिन किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया गया था।


नारनौल। वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

### जनता को अधिकार दिलाने की मुहिम

वही कुमारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह प्रदर्शन सत्ता हासिल करने की मुहिम नहीं है, बल्कि जनता को उनके अधिकार दिलाने की मुहिम है। आज भारतीय जनता पार्टी अपने कपट पूर्ण रुपैया के चलते जनता के मताधिकारों को वोट चोरी करके छीन रही है। हरियाणा में काबिज सरकार वोट चोरी कर जनता के अधिकारों पर डाका डालकर बनी है। भाजपा के लोग संवेदनहीन और अवसरवादी लोग हैं। पूरे देश में भाजपा का विरोध है, लेकिन फिर भी सरकारी क्यों बन रही हैं। यह एक सोच का विषय है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर सतबीर झुकिया, राजेश संदलाना, मंजू चौधरी, अनीता यादव, डॉ. राज सुनेश, तोताराम, पुनीत बलान, राज, अजीत यादव, ऋषि यादव, हरीश सैनी, विक्रम अवाना व कांग्रेस के सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकार छीन रही है जनता के अधिकार : सुरजेवाला

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के अथक संघर्ष से हमें यह आजादी मिली और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बने संविधान ने इस देश की करोड़ों महिलाओं, किसानों, गरीबों, वंचितों को मताधिकार और समानता का अधिकार दिया, लेकिन आज भाजपा सरकार छल कपट के सहारे जनता के अधिकार छीन रही है। जब तक मताधिकार सुरक्षित है, तब तक सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही तय होती है, लेकिन जब सत्ता खुद वोट चोर बन जाए, तो जनता अपनी आवाज भी बुलंद नहीं कर पाती। सुरजेवाला ने कहा कि बिहार में चुनाव के दौरान एसआईआर के नाम पर हजारों वोट काट दिए गए, हजारों फर्जी नाम जोड़ दिए गए और जब कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा तो कोई जवाब नहीं मिला।

---

## सांस्कृतिक धरोहर का पुनर्जागरण है गीता महोत्सव : एडीसी


नारनौल। सामाजिक संगठनों के साथ बैठक करते एडीसी उदय सिंह।

- 29 नवंबर से एक दिसंबर तक जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर तैयारी में प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 29 नवंबर से एक दिसंबर तक होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की। एडीसी ने कहा कि आईटीआई में इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को जन भागीदारी के साथ पूरे उत्साह और गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर का पुनर्जागरण है। इस सांस्कृतिक महायज्ञ में सभी सामाजिक संस्थाएं तथा संगठन अपनी आहुति डालें। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है। यह हमारे राष्ट्र की शाश्वत जीवनधारा है, जो हमें कर्म, धर्म और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों व राष्ट्रीय गौरव का संचार करने का एक अवसर है। ऐसे में हम सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इस बैठक में नगराधीश डॉ. मंगल सेन व अन्य अधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में आई 52 शिकायतें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी उदय सिंह ने आमजन की शिकायतें सुनी। शिविर में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से अधिकतर का निपटान मौके पर कर दिया गया। एडीसी उदय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लघु सचिवालय में लगाए जाने वाले समाधान शिविर के तहत आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट समय पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के ऑनलाइन पोर्टल और समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता तथा प्रशासन के बीच सीधे संवाद को मजबूत करना है। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली, पानी, पुलिस व सड़क संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई।

---

## संविधान दिवस पर हैप्पी स्कूल में संसद के शीतकालीन संयुक्त सत्र में की बहस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संविधान दिवस पर संसद के शीतकालीन संयुक्त सत्र का भव्य और शैक्षणिक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संसदीय प्रणाली की कार्यप्रणाली को व्यावहारिक रूप से समझाना था। इस विशेष गतिविधि में कक्षा नौवीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रपति की भूमिका रिया, प्रधानमंत्री की भूमिका सूर्यदेव, संसद अध्यक्ष की भूमिका आयुष, अमित शाह की भूमिका रैम्स, भवेन ने राजनाथ सिंह की, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की भूमिका कार्तिक, सोनिया गांधी की भूमिका सिद्धि, सोनाक्षी ने प्रियंका गांधी की भूमिका, सायुनी घोष की भूमिका दिव्या ने निभाई और अन्य मंत्रियों, विपक्षी नेताओं एवं प्रेस प्रतिनिधियों जैसी महत्वपूर्ण भूमिका छात्रों ने निभाकर वास्तविक संसदीय वातावरण का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। लोकसभा स्पीकर की भूमिका निभा रहे विद्यार्थी ने अनुशासन के साथ सदन की कार्यवाही का संचालन किया।


महेंद्रगढ़। शीतकालीन सत्र में हिस्सा लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### 150 बच्चों ने किया गोशाला का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के 150 बच्चों ने विद्यालय चेयरपर्सन निशा सैनी के नेतृत्व में माजरा फाटक के नजदीक स्थित शहर की प्राचीन गौशाला का भ्रमण किया। प्राचार्या ज्योति शर्मा एवं बचपन हेड रूपाली अरोड़ा ने बताया कि इस दौरान बच्चों ने गौशाला में रखे गोवंश की विभिन्न प्रकार की नस्लों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ–साथ गोवंश की देखभाल, उनके रखरखाव का तरीका और उनके खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गाय के दूध से बनने वाली मिठाईयां एवं रसगुल्लों के साथ-साथ गाय के गोबर से बनने वाली खाद के बारे में जानकारी ली।

## बीआर ज्ञानदीप में इंग्लिश क्विज का आयोजन, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में इंग्लिश क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन अंग्रेजी विभाग के कुशल मार्गदर्शक अंग्रेजी अध्यापक सुजान यादव, उर्मिला यादव तथा अमित के नेतृत्व में किया गया।

तीनों शिक्षकों की प्रेरणादायक भूमिका ने इस आयोजन को न केवल सफल बनाया, बल्कि छात्रों के भीतर अंग्रेजी भाषा के प्रति नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अंग्रेजी भाषा के शब्दज्ञान, व्याकरण, अनुवाद, साहित्यिक समझ से लेकर त्वरित उत्तर देने की क्षमता तक हर क्षेत्र में अपनी अद्वितीय दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रश्नों की कठिनाई ने जहां प्रतिभागियों की बुद्धि और भाषा-समझ की परीक्षा ली, वहीं छात्रों का शांत, संयमित और सटीक उत्तर देना उनकी उत्कृष्ट तैयारी को दर्शाता रहा। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।


महेंद्रगढ़। विजेता को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

---


नारनौल। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सिंघानिया विश्वविद्यालय में गूंजा संविधान का संदेश

**महेंद्रगढ़।** सिंघानिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के औपचारिक प्रारंभ से पहले एडमिन ब्लॉक में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के महत्व और उसकी मूल भावना पर अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय के शेखवाटी सभागार में अतिथियों का पारंपरिक तिलक, शॉल और मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नोबल ग्रुप ऑफ एजुकेशन चेयरमैन संदीप नेहरा, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूमोली खुर्द निदेशक विकास दौराता, संतोर के समाजसेवी राव अजीत सिंह अधिवक्ता सुरेंद्र यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कैंपस डायरेक्टर प्रो. डॉ. पीएस जस्सल ने स्वागत भाषण में अभिनंदन किया। अधिवक्ता अजीत सिंह तंवर ने संविधान को समाज की आत्मा बताया तथा बाबा भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संदीप नेहरा ने संविधान के प्रत्येक पहलू पर गहन चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को इसके महत्व से अवगत कराया।

## अस्पताल में सुविधा बढ़ाने के लिए बजट को मंजूरी

# अब 100 बेड का होगा नागरिक अस्पताल

*आधुनिक उपकरण, जनरल वार्ड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, एक्स-रे, लैब, इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन थियेटर को और मजबूत किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार ने महेंद्रगढ़ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ व सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि महेंद्रगढ़ स्थित 50 बेड के अस्पताल को अपग्रेड करके 100 बेड के आधुनिक अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए पुनरीक्षित लागत को सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के लाखों लोगों को बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि 100 बेड क्षमता वाले इस आधुनिक अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा, आधुनिक उपकरण, विस्तृत जनरल वार्ड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, एक्स-रे, लैब, इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन थियेटर और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की मांग कर रहा था, जिसे सरकार ने प्राथमिकता पर पूरा किया है। अस्पताल के अपग्रेडेशन से न केवल महेंद्रगढ़ बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। अब लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं अपने नजदीक ही प्राप्त होंगी।

**अपग्रेडेशन का कार्य समयबद्ध होगा**

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह परियोजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जन-कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है, जिनके नेतृत्व में हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को समय पर, सुरक्षित और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल अपग्रेडेशन का कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि जल्द से जल्द जनता को इसका लाभ मिल सके।


महेंद्रगढ़। शपथ लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में मनाया संविधान दिवस

**महेंद्रगढ़।** ज्ञानकोष ए ग्लोबल स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस बड़े सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व और उसके मूल्यों से अवगत कराना था। इसके बाद छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर उद्घोषणा-पत्र का वाचन किया और संविधान दिवस की शपथ ली। सभी ने न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। छात्रों और स्टाफ द्वारा डॉ. बीआर अम्बेडकर को फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय में इस दौरान भाषण, प्रश्नोत्तरी और देशभक्ति गीत जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय सीईओ रोश कुमार और सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। समारोह ने सभी को यह याद दिलाया कि भारतीय संविधान न केवल हमारे देश के शासन का आधार है, बल्कि यह हमें एक मजबूत, एकजुट और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

खबर संक्षेप

### योग समितियों की बैठक रविवार को

**कोसली।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति के सभी पांचों संगठनों की बैठक ईश आर्य राज्य प्रभारी हरियाणा की अध्यक्षता में कोसली के बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के तहसील प्रभारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दयानंद आर्य अध्यक्ष भारतीय स्वाभिमान ट्रस्ट ने बताया कि रविवार 30 नवंबर को सुबह 10:15 बजे बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### शादी में काम पर गई महिला के घर चोरी

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र की विश्वकर्मा कॉलोनी में बुधवार रात चोर एक मकान में सेंध लगाकर नकदी व जेवरात चोरी करके ले गए। मकान मालिक महिला कृष्णा ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करती है। बुधवार रात शादी में काम करने के लिए गई हुई थी। वीरवार सुबह 5:30 बजे घर आई तो ताला टूटा मिला। कमरे में अलमारी में रखे 25 हजार रुपये, कानों के टोपस व गले का सोने का ओम गायब मिला। पुलिस ने मौके की जांच के बाद चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

नागरिक अस्पताल सहित सीएचसी में इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर ओपीडी रही बाधित

# एसएमओ की सीधी भर्ती का किया विरोध चिकित्सकों की दो घंटे पैन डाउन हड़ताल

- कर्मचारियों को समय पर मिलने वाले वित्तीय लाभ रुक रहे हैं, जिससे उनका करियर प्रभावित हो रहा है



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में स्ट्राइक के दौरान मौजूद डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व कर्मचारियों की वीरवार को लंबित मांगों को नागरिक अस्पताल परिसर में दो घंटे की पैन डाउन हड़ताल रही। इस दौरान चिकित्सकों व कर्मचारियों ने एसएमओ की सीधी भर्ती प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने, एसीपी जारी करने तथा लिंगानुपात सुधार के लिए डॉक्टरों को ही जिम्मेदार ठहराने की प्रथा समाप्त करने की मांग की।

इस मौके पर चिकित्सकों ने कहा कि एसएमओ की सीधी भर्ती से विभाग में वरिष्ठता और प्रमोशन की प्रक्रिया प्रभावित होती है, इसलिए इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। वहीं, संशोधित एसीपी के हस्ताक्षरों पर रोक से कर्मचारियों को समय पर मिलने वाले वित्तीय लाभ रुक रहे हैं, जिससे उनका करियर प्रभावित हो रहा है। उन्होंने लिंगानुपात के लिए डॉक्टरों को ही जिम्मेदार ठहराने को कर्मचारियों ने अनुचित बताया।

उन्होंने कहा कि लिंगानुपात सुधार एक सामाजिक मुद्दा है, जिसका समाधान समाज, प्रशासन और कानून के संयुक्त प्रयास से ही संभव है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों पर एक तरफा कार्रवाई न सिर्फ मनोबल गिराती है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी असर डालती है। इस मौके पर एचसीएमएस एसोसिएशन की प्रधान डा. सुधा यादव ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि उनकी जायज मांगों पर जल्द विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य कार्यकारिणी समिति जो भी निर्णय लेगी, उसी के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। नागरिक अस्पताल में एचसीएमएस की पैन डाउन स्ट्राइक के दौरान दो घंटे ओपीडी भी प्रभावित रही, जबकि इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रही। इस अवसर पर एसोसिएशन की महासचिव डा. वंदना मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. दीपक वर्मा, उपाध्यक्ष डा. मनीष यादव व डा. सचिन शर्मा, कोषाध्यक्ष डा. विद्या सागर, स्टेट जरनल सेक्रेटरी डा. अनिल यादव व संयुक्त सचिव डा. अभिषेक सहित अनेक डॉक्टर व कर्मचारी उपस्थित थे।

एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. दीपक वर्मा ने बताया कि वर्तमान में एक सिविल सर्जन भी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर से कम वेतन पाता है। सीएम ने संशोधित ढाचे को मंजूरी दे दी है, लेकिन वित्त विभाग ने अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की है। उन्होंने कहा कि राज्य कमेटी ने मांगों पर बातचीत के लिए मुख्यमंत्री व स्वास्थ्यमंत्री से समय मांगा है।




रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाहर लोगों की भीड़ स्ट्राइक के दौरान बावल सीएचसी में बाहर खड़े डॉक्टर व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### बावल सीएचसी में भी रही दो घंटे स्ट्राइक

*वीरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बावल में डॉक्टरों ने अपनी मांगो को लेकर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक पेन डाउन हड़ताल की, जिससे ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बाधित रही। हड़ताल के कारण स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए सीएचसी पहुंचने लोग इधर-उधर भटकते रहे। सीएचसी में आपातकाल सुविधा जारी रही ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो सकें। चिकित्सकों ने कहा कि एसीपी परिवर्तित लागू की जाए तथा एसएमओ की सीधी भर्ती न की जाए।*

न्यूज डायरी



### शिविर में 60 से अधिक लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**रेवाड़ी।** गांव श्यामनगर में नई दिशा युवा मंच के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गांव के बाबा देवता वाले मंदिर में आयोजित कैंप में 60 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में लोगों की ब्लडप्रेशर, शुगर व आंखों की जांच सहित अन्य रोगों की जांच की गई। साथ ही आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी देते हुए दवाइयां भी वितरित की गई। इस मौके पर मुख्यातिथि नई दिशा युवा मंच के अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव ने कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में इस प्रकार के कैंप महती भूमिका अदा करते हैं। सामाजिक संगठनों को समाजसेवा के कार्य के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष हरिओम, सरोज यादव, सेक्रेटरी नवीन पूनिया, श्याम नगर सरपंच जिले सिंह यादव, ब्लॉक समिति सदस्य रमेश शर्मा, डा. सुरेंद्र, डा. दीपक, डा. सोनिया, नरेश यादव, महेश जांगड़ा, अजय कुमार, नवदीप व दीपा कुमारी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



### समस्याओं का तत्काल समाधान हो : डा. कृष्णा

**रेवाड़ी।** बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। विधायक ने मौके पर ही समस्याओं का निवारण कराया। विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना से बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रही है और जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर धरातल पर उतार रही हैं। उन्होंने कहा कि बावल क्षेत्र में भी तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कृषि यंत्र खरीदने की अंतिम तिथि 30 तक



**रेवाड़ी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए चयनित किए गए 129 किसान अपने कृषि यंत्रों की खरीद कर 10 दिसंबर तक अपना बिल एग्रीहरियाणा पोर्टल पर अपलोड कर दें। सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि चयनित किसानों को दस्तावेज की जांच करने के बाद कृषि यंत्र खरीदने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन परमिट जारी कर दिया गया है। चयनित किए गए 129 किसान अपने मनपसंद निर्माता या डीलर से मोल भाव करके 30 नवंबर तक कृषि यंत्र खरीद लें। उनको विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा पर कृषि यंत्र का बिल, ई-वे बिल व मशीन के साथ 10 दिसंबर तक जीपीएस फोटो सहित डीलर के माध्यम से अपलोड कराना है।



### ज्योति व पूजा ने राष्ट्रीय ताइक्वांडों स्पर्धा में जीते मेडल

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने खेलों में उपलब्धि हासिल करके कॉलेज का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश के शहर बरेली में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित 41वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता में कॉलेज से 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से ज्योति और पूजा ने पदक प्राप्त किया। वीरवार को महाविद्यालय पहुंचने पर टीम का स्वागत किया गया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है तथा प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में कम से कम एक खेल जरूर अपनाना चाहिए। प्राचार्या ने इस प्रदर्शन के लिए कॉलेज के खेल प्रभारी डा. योगेश कुमार तथा कोच दीपचंद यादव की भी प्रशंसा की। इस मौके पर स्टाफ सदस्य डा. यशपाल, नरेंद्र सिंह, डा. सुनीता, डा. रजनी व डा. अनीता सहित ताइक्वांडों खिलाड़ी ज्योति, पूजा, निखिल, तमन्ना, नितिका, काजल, प्रिया, प्रियंका व कोमल उपस्थित थी।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक क्रांति के अग्रदूत तथा शैक्षणिक क्रांति के जनक थे बाबू मोहर सिंहः स्वामी सर्मपणानंद

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़पुर में पर्यावरण जागरूकता अभियान समिति के संयोजन में बाबू मोहर सिंह स्मृति सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी सर्मपणानंद महाराज संचालक श्रीममद् भगवत भक्ति आश्रम दड़ौली थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या पूनम कुमारी ने की। इस मौके पर स्वामी सर्म्पणानंद ने कहा कि अहिरवाल के प्रथम विधायक बाबू मोहर सिंह सामाजिक क्रांति के अग्रदूत तथा शैक्षणिक क्रांति के जनक थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबू मोहर सिंह स्मृति कार्यक्रम के संयोजक हरेंद्र यादव व निजी सहायक उद्योग मंत्री राव नरवीर सिंह ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। इस अवसर पर निजी कंपनी के मैनेजर हीरा सिंह व अन्य अधिकारियों की ओर से सभी विद्यार्थियों को जूते भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सरपंच ग्राम बूढ़पुर मोनिका यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य, विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, हरिप्रकाश, अंजू, मनीषा यादव व रेखा बड़ोदिया सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता संभव : डा. सुधीर

**कोसली।** राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ की ओर से वीरवार को महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य डा. सुधीर कुमार ने कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का वास्तविक मार्ग है। उन्होंने समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को नई चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। प्राचार्या डा. लाज कौशल ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ के प्रयास कॉलेज परिसर में सुरक्षित, संवेदनशील और प्रेरक वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही हैं। इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव, मनजीत कुमार, नागेश कुमार व संजीव कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## रंजीशन युवक पर जानलेवा हमले के मामले में सातवां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



- पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है

ऑपरेशन ट्रेक डाउन के तहत बावल थाना पुलिस ने पानी की सप्लाई की रंजिश के चलते युवक पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला करने व जबरन पैसों की मांग करने के मामले में संलिप्त सातवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव रूध निवासी अंकित के रूप में हुई है। पुलिस को गत 4 नवंबर को एक प्राइवेट अस्पताल से सूचना मिली कि नांगल तेजू निवासी सूरजपाल लड़ाई झगडे में घायल होकर अस्पताल में एडमिट है। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां घायल सूरजपाल ने बताया कि वह करीब 5 साल से उर्जा कंपनी चिरहाड़ा में अपने दोस्त राजेश उर्फ बंटी निवासी चिराहड़ा के साथ मिलकर टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई का काम कर रहा है। कंपनी में करीब एक माह पहले काम करने वाले सज्जन पहलवान उर्फ हांडा ने उससे कहा कि कंपनी में पानी सप्लाई का काम वे करेंगे। कंपनी में सज्जन उर्फ हांडा व भगती ने लक्ष्मीनारायण नामक फर्म के नाम से कोटेशन भी दे दी और 2-3 नवंबर से कंपनी में पानी सप्लाई करना शुरू कर दिया, जब उसने कंपनी में उनके रेट से कम दरों पर पानी देने का बात की। इस बात का उन्हे पता लग गया। सज्जन उर्फ हान्डा ने उससे कहा कि कंपनी में काम करोंगे तो उसे रुपये देने पडेंगें। रंजिश के चलते 3 नवंबर को उसके मोबाइल पर हान्डा व भगती ने बार-बार काल की3 नवंबर शाम को सूरजपाल गांव नांगल तेजू अड्डे पर दुकान पर था।

## रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरने वाली 16 जोड़ी ट्रेनों में यात्रियों को सुविधा, एक दिसंबर से बढ़ेंगे 44 डिब्बे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए हरिनाया से होकर गुजरने वाली रेलसेवाओं में डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। रेलवे की ओर से एक दिसंबर से रेवाड़ी से होकर गुजरने वाली 16 जोड़ी ट्रेनों में 44 डिब्बों की बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 22471/22472 लालगढ़-दिल्ली सराय-लालगढ़ रेलसेवा में लालगढ़ से 1 से 15 दिसंबर तक तथा दिल्ली सराय से 3 से 17 दिसंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जाएगी। गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 1 से 15 दिसंबर तक तथा उदयपुर सिटी से 2 से 16 दिसंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19611/19614 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 1 से 31 दिसंबर तक तथा अमृतसर से 2 दिसंबर से 1 जनवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

गाड़ी संख्या 12065/12066 अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर जन शताब्दी रेलसेवा में 1 से 31 दिसंबर तक 2 वातानुकूलित कुर्सीयान व 1 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी, गाड़ी संख्या 19701/19702 जयपुर दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 से 31 दिसंबर तक तथा दिल्ली कैंट से 3 दिसंबर से 2 जनवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा में 2 दिसंबर से 1 जनवरी तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 14725/14726 भिवानी-मथुरा भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 3 दिसंबर से 2 जनवरी तक व मथुरा से 4 दिसंबर से 3 जनवरी तक 2 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तथा अमृतसर से 2 दिसंबर से 1 जनवरी तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी के डिब्बे, गाडी संख्या 19608/19607 मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 1 दिसंबर से 29 दिसंबर तक एवं कोलकाता से 4 दिसंबर से 1 जनवरी तक 1 सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12985/12986 जयपुर-दिल्ली सराय-जयपुर रेलसेवा में 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 1 वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी डिब्बों की बढ़ोतरी की जा रही है।

#### इन ट्रेनों में 5-5 डिब्बों की बढ़ोतरी

*गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में 1 से 31 दिसंबर तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19620/19619 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 से 31 दिसंबर तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों, गाड़ी संख्या 19622/19621 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 से 31 दिसंबर तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों और गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा में 1 से 31 दिसंबर तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।*


रेवाड़ी। स्कूल में विजेता टीम को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री रावमावि पाल्हावास में कार्यक्रम

## ग्रुप डांस में स्टेट विजेता छात्राओं का स्कूल में हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास छात्राओं ने ग्रुप डांस में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में विजेता छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य शोभा रानी भारद्वाज ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत टैलेंट सर्च प्रोग्राम का आयोजन हुआ था। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें पीएम श्री स्कूल पाल्हावास ने ग्रुप डांस में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने बताया कि गणित प्राध्यापिका किरण यादव के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सरपंच महेश कुमार, पूर्व सरपंच गजराज सिंह, सुनील कुमार, एसएमसी प्रधान सुमन, हेडमास्टर लालचंद, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, उर्मिला यादव, डेजी, सुमन यादव, सुमन, सोनू यादव, पुष्पा यादव, पूनम यादव, मोना यादव, राजबाला आदि मौजूद रहे।



### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेलों का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाए जौहर

**रेवाड़ी।** कोनसीवास रोड स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में वीरवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि स्कूल की प्राचार्य मंजू ने विजय मशाल जलाकर किया। कार्यक्रम के आरंभ में मार्च पास्ट के बाद खिलाड़ियों को खेल की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल केवल शारीरिक रूप से सशक्त नहीं बनाते, बल्कि टीम भावना नेतृत्व क्षमता और अनुशासन भी विकसित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों के माध्यम से चहुंमुखी विकास के लिए प्रेरित किया। खेल उत्सव में खो-खो, वालीबॉल, फुटबॉल, दौड़ व रस्साकसी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। छोटे बच्चों के लिए जलेबी दौड़, बोरा दौड़ व वन लेग दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वार्षिक खेल उत्सव में सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने विजेता प्रतिभागियों और टीम को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक राहुल वर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

## कन्या के जन्म पर कुआं पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

श्याम नगर गांव के एक परिवार ने बेटी के जन्म पर कुआं पूजन का आयोजन कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर कन्या की माता आरती व पिता विकास ने कहा कि उनके परिवार का मानना है कि आज के समय में लडका-लड़की में कोई अंतर नही है। इस प्रेरक पहल पर खुशी जाहिर करते हुए सरपंच जिले सिंह, पूर्व सरपंच सतपाल, बलबीर, होशियार सिंह, अजित प्रकाश, सुधीर सिंह, मुनेष कुमार, लालचंद व हुकम सिंह ने परिजनों को बधाई दी। कन्या कनिका के दादा बलवंत सिंह ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रही हैं। कआं पूजन करने से समाज में बेटियों के प्रति कायम सोच में बदलाव लाएगा।


रेवाड़ी। कुआं पूजन में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

योजना के लिए पांच दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

# बिजली बचाएं दो लाख रुपये तक का इनाम पाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से ऊर्जा संरक्षण और सौर ऊर्जा का प्रयोग करने के लिए बिजली की खपत कम करने वाले सरकारी, गैर-सरकारी व औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थानों के लिए दो लाख रुपये तक का ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार देने की योजना लागू की है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर निर्धारित की गई है। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि सरकार द्वारा बिजली की खपत कम करने के लिए वर्ष 2024-2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि बिजली के नए-नए उपकरणों के अस्तित्व में आने के कारण बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है, सरकार द्वारा बिजली की खपत कम करने के लिए यह योजना शुरू की है। योजना के तहत ऐसे संस्थान जिनमे एक मेगावाट से अधिक का अधिभार हो, वह इस योजना में शामिल किया जाएगा। ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बड़े औद्योगिक व व्यवसायिक संस्थानों, जिनमें एक मेगावाट से अधिक लोड है, उन उपभोक्ताओं को पुरस्कार के तौर पर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा सर्टिफिकेट एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

#### ये है मामला

पंजीकृत एमएसएमई औद्योगिक संस्थान जिनका कनेक्टेड लोड 100 किलोवाट से 1 मेगावाट तक है, ऐसे उपभोक्ताओं को पुरस्कार राशि के रूप में 2 लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। एडीसी ने बताया कि इसी तरह सरकारी भवन व कार्यालय, जिनका कनेक्टिंग लोड 30 किलोवाट से 500 किलोवाट तक है, उनको एक लाख रुपए तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा किसी व्यक्ति विशेष द्वारा ऊर्जा संरक्षण क्षेत्र में कोई नया अनुसंधान एवं विकास का उल्लेखनीय कार्य किया हो तो उसे भी दो लाख रुपए तक की पुरस्कार राशि दी जाएगी। एडीसी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति, संस्थान या औद्योगिक इकाई योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपने आवेदन भरकर अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में जमा करा सकते है।